(ग) प्रत्येक राज्य/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में चालू हालत में रेडियों सेटों की कितनी संख्या है यह सूचना एकत्रित की जा रही है और शीघ्र ही सदन की मेज पर रख दी जायगी।

रेडियो सेटों की देख भाल की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/केन्द्रीय प्रशासित क्षेत्रों की है और उन्होंने इसके लिये अपने देखभाल करने वाले संगठन स्थापित किए हैं।

अक्तूबर, 1964 का भारत-श्रीलंका करार

***26. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :**
श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :
श्री अब्राहम :
श्री देवकी नन्दन पटोदिया :
श्री रा० बरूआ :
श्री व० चु० देसाई :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार को किस हद तक अब तक क्रियान्वित किया गया है ;

(ख) उसकी क्रियान्विति में यदि कोई कठिनाइयां अनुभव की जा रही हैं तो वे क्या हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि मद्रास सरकार ने हाल ही में इस करार पर पुनर्विचार किये जाने की प्रार्थना की है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) श्रीलंका और भारत दोनों के प्रतिनिधियों की एक सम्मिलित समिति ने श्रीलंका/भारत की नागरिकता देने के लिए प्रारम्भिक शासन सम्बन्धी प्रबन्ध पूरे कर लिए हैं। करार पर अमल करने के लिए श्रीलंका की तरफ से वहां का कानून अब श्रीलंका की संसद् के सामने है। यह कानून बन जाने के बाद, भारत/श्रीलंका की नागरिकता के लिए अर्जियां मांगने के बारे में नोटिस जारी कर दिये जायेंगे।

(ख) इस करार पर अमल करने में अब तक कोई विशेष कठिनाइयां महसूस नहीं हुई हैं।

(ग) जी नहीं।

बिहार राज्य में मगही भाषा के लिये आकाशवाणी केन्द्र

27. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य में मगही भाषा के क्षेत्र के लिए एक पृथक आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने के प्रश्न पर विचार किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो यह केन्द्र कब और किस स्थान पर स्थापित किया जायेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) बिहार राज्य में मगही बोली के क्षेत्र में आकाशवाणी के वर्तमान पटना केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रम अच्छी तरह सुने जाते हैं।

ट्रांसमिटरों का आयात

28. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री देवकी नन्दन पटोदिया :
श्री रा० बरूआ :
श्री व० चु० देसाई :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वे शक्तिशाली ट्रांसमिटर जिनका आयात विदेशों से किया जाना था, भारत में आ चुके हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन्हें किस तारीख को और कहां स्थापित किया जायेगा ; और